डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 83 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 02 मार्च 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## उत्तराखंड में टूटा बर्फ का पहाड़

**फंसी 41 जिंदगी**

### 16 लोगों को निकाला, सड़क से बर्फ हटाने गए थे



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार सुबह 8 बजे एवलांच की वजह से 57 मजदूर बर्फ में दब गए। घटना चमोली के माणा गांव में हुई। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की टीम चमोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बर्फ हटाने का काम कर रही थी। उसी दौरान बर्फ का पहाड़ टूटा और मजदूर दब गए। अब तक 16 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। 41 को निकालने का काम जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और बीआरआई की टीमें मौके पर हैं। मौसम विभाग ने 28 फरवरी की देर रात तक उत्तराखंड में भारी बारिश (20 मिमी तक) का अलर्ट जारी किया है। चमोली के एसपी संदीप तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पर लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है, इसलिए हम हेलीकॉप्टर नहीं भेज पा रहे हैं। आवाजाही मुश्किल है। सैटेलाइट फोन उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए हम उनसे बातचीत भी नहीं कर पा रहे हैं। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। एनडीआरएफ की एसपी रिधिमा अग्रवाल ने कमांडेंट के हवाले से बताया कि घटना बद्रीनाथ धाम के पास की है। एक टीम जोशीमठ से रवाना हो चुकी है। लामबगड़ में सड़क ब्लॉक है।

**तेलंगाना टनल हादसा**

## अंदर फंसे मजदूरों के जिंदा बचने की संभावना कम

### रेलवे की टीमें भी रेस्क्यू में जुटी, 22 फरवरी से 8 मजदूर फंसे हैं



**नागरकुर्नूल (एजेंसी)।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। घटना को 6 दिन बीत चुके हैं लेकिन टनल में फंसे 8 मजूदरों को अब तक नहीं निकाला जा सका है।

रेस्क्यू जारी है। शुक्रवार को साउथ सेंट्रल रेलवे की 2 टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से काटने रास्ते से हटा रही है। नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक भी मौके पर पहुंचे हैं।

ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार की मदद से मलबे में दबे मजदूरों ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी मजदूर के जीवित मिलने की संभावना बहुत कम लग रही है। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि मलबा हटाने और लोहे की छड़ों की कटिंग का काम लगातार जारी है। टनल के पानी को बाहर निकालने का काम चल रहा है।

## पुणे में सरकारी बस में रेप केस का आरोपी अरेस्ट

### गन्ने के खेत में छिपा था, पानी पीने गांव में आया, लोगों ने पुलिस को खबर कर दी

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे में खड़ी बस में 26 साल की महिला के साथ हुए रेप का आरोपी महाराष्ट्र के शिरूर तहसील के केगुनाट गांव से गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। क्राइम ब्रांच पुणे के डीएसपी निखिल पिंगले ने बताया- गन्ने के खेत से आरोपी को देर रात गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के पूरे प्रोसेस में गांववालों ने हमें मदद की। उन्होंने ही बताया कि आरोपी गुनात गांव में आया है। रात में उसने एक घर से पीने का पानी और खाना मांगा। इस दौरान लोगों ने



उसे पहचान लिया और जानकारी पुलिस को दे दी। आरोपी को पकड़ने में भी लोगों ने मदद की। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा- आरोपी बीती रात 1.10 बजे गुनात गांव से पकड़ा गया। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक स्पेशल वकील नियुक्त किया जाएगा। हम केस को जल्दी पूरा करने की कोशिश करेंगे। फिलहाल आगे की जांच के लिए आरोपी को पुणे भेज दिया गया है। आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे ने 25 फरवरी को सरकारी स्वारगेट डिपो में इस वारदात को अंजाम दिया था। उस पर 1 लाख रुपए का ईनाम था।

## संभल जामा मस्जिद में नहीं होगी रंगाई पुताई

### हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

**प्रयागराज (एजेंसी)।** संभल जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करवाने की अनुमति नहीं दी। आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया ने शुक्रवार सुबह अपनी रिपोर्ट सौंपी। एएसआई ने रिपोर्ट में कहा- मस्जिद की पेंटिंग अभी ठीक है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एएसआई की निगरानी में तत्काल साफ-सफाई कराने का आदेश



दिया। मस्जिद कमेटी को इस रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल करने का 4 मार्च तक का समय दिया। हाईकोर्ट 4 मार्च को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा। दरअसल, 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। इस पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। गुरुवार को हाईकोर्ट ने मस्जिद पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए 3 सदस्यीय कमेटी गठित की थी।

# सोच समझकर करें पीएमएलए

**यूएपीए में गिरफ्तारी की समीक्षा**

### सुप्रीम कोर्ट का अदालतों को निर्देश, खींच दी न्यायिक समीक्षा की लक्ष्मण रेखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को स्पेशल कानूनों के तहत गिरफ्तारी की समीक्षा बहुत सोच-समझकर करनी चाहिए। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समाज के हित के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट), यूएपीए (अनलॉफुल ऐक्टिविटीज प्रिवेंश ऐक्ट), फॉरेन एक्सचेंज, कस्टम्स ऐक्ट और जीएसटी जैसे खास कानूनों के संदर्भ में की। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट को अपनी शक्ति का इस्तेमाल बहुत कम करना चाहिए। जस्टिस त्रिवेदी सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच का हिस्सा थीं। इस बेंच ने कस्टम और जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तारी का अधिकार देने वाले प्रावधानों को सही ठहराया। जस्टिस त्रिवेदी ने अपने



अलग फैसले में कहा कि ऐसे मामलों (स्पेशल ऐक्ट के तहत गिरफ्तारी) में कोर्ट को सिर्फ यह देखना चाहिए कि कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन हुआ है या नहीं। मतलब, क्या अधिकारी कानून के तहत अधिकृत था। एससी जज ने कहा कि स्पेशल ऐक्ट्स खास उद्देश्यों के लिए बनाए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, स्पेशल ऐक्ट्स के सख्त प्रावधानों को नरमी से देखने से कानून का मकसद पूरा नहीं होगा। पीएमएलए, कस्टम्स ऐक्ट या फेरा के तहत अपराध बहुत गंभीर हैं। ये अपराध देश की वित्तीय व्यवस्था और संप्रभुता को प्रभावित करते हैं। इसलिए इन कानूनों के प्रावधानों की व्याख्या इस तरह से होनी चाहिए जिससे उनके उद्देश्य पूरे हों, न कि विफल। यह फैसला जांच एजेंसियों खासकर ईडी के लिए फायदेमंद हो सकता है। फैसले में कहा गया है, अगर कोर्ट बार-बार अधिकारियों के काम में दखल देगा, तो इससे गलत काम करने वालों का हौसला बढ़ेगा। और पीड़ितों, जो कि पूरा समाज और देश है, के साथ न्याय नहीं होगा। इस फैसले से जांच एजेंसियों को ताकत मिलेगी, क्योंकि कोर्ट के दखल की संभावना कम होगी। स्पेशल ऐक्ट क्या होते हैं, ये ऐसे कानून होते हैं जो किसी विशेष परिस्थिति या अपराध से निपटने के लिए बनाए जाते हैं। इनमें अक्सर सख्त प्रावधान होते हैं। उदाहरण के लिए, पीएमएलए मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के लिए है, यूएपीए आतंकवाद से और कस्टम्स ऐक्ट तस्करी से।

## देश में पहली बार पालतू बिल्लियों में फैला बर्ड फ्लू

- एमपी के छिंदवाड़ा से लिए सैंपल की रिपोर्ट पॉजीटिव
- मटन-चिकन और अंडे की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक

**छिंदवाड़ा (एजेंसी)।** छिंदवाड़ा में बर्ड फ्लू से पालतू बिल्लियों की मौत के बाद चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। 30 दिन के लिए मटन-चिकन और अंडों की खरीदी-बिक्री पर पाबंदी लगा दी गई है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र की सभी मटन और चिकन की दुकानों को सील कर दिया गया है। दरअसल, जिले में पिछले दिनों करीब 18 बिल्लियों की मौत हो गई थी। जिसके बाद 15 जनवरी को 4 और 22 जनवरी को 3 बिल्लियों के सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायरलॉजी भेजे गए थे। 31 जनवरी को आई रिपोर्ट में इनमें से दो पालतू बिल्लियों के सैंपल एच5एन1 (बर्ड फ्लू) पॉजीटिव मिले थे। देश में ऐसा पहली बार है, जब घरेलू बिल्लियों में बर्ड फ्लू पाया गया है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीएस पक्षवार ने बताया कि मृत बिल्लियों




को कच्चा मांस जिन दुकानों से खिलाया गया था, उन 2 दुकानों बिक्की चिकन सेंटर और नावेल्टी सेंटर के यहां सैंपलिंग की गई, जिसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। प्रभावित क्षेत्र में प्रोटोकॉल का पालन कर संबंधित क्षेत्र में मटन, मुर्गी और अंडों को नष्ट किया गया। साथ ही मार्केट में इनके क्रय विक्रय पर पाबंदी लगा दी गई थी।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल हो सुधार: भारत

- भारत ने यूएन के सदस्यों को लगाई कड़ी फटकार
- आतंकवादियों के रक्षक चीन को भी खूब सुनाया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारत ने गुरुवार 27 फरवरी को यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल के सहायक बॉडीज के कामकाज के तरीकों में तत्काल सुधार का आह्वान किया है। भारत ने यूएनएससी के निकायों में ज्यादा पारदर्शिता लाने का आग्रह किया है।



भारत ने आतंकवादी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट में डालने के प्रस्तावों को अस्वीकार करने या रोकने के फैसलों के बारे में बरती जाने वाली गोपनीयता की आलोचना की है। यूनाइटेड नेशंस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने इस प्रथा को 'छिपा हुए वीटो' बताया है। उन्होंने तत्काल इसमें सुधार लाने का आह्वान किया है। आपको बता दें कि कई मौकों पर चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों का समर्थन किया।

## अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं, मोहल्ला क्लीनिक से शौचालय भी मिले गायब

### कैग रिपोर्ट में दिखी दिल्ली की 'आपदा', कई जगह एंबुलेंस भी नदारद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राजनीति में इस समय सबसे ज्यादा चर्चा कैग रिपोर्ट की हो रही है, रेखा सरकार की तरफ से विधानसभा सत्र के दौरान कुल 14 फाइलें पेश की गई हैं। वहां भी राजधानी की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कई हैरान कर देने वाले दावे हुए हैं। कैग की रिपोर्ट से पता चलता है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान कई अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं थे, एंबुलेंस की संख्या भी काफी कम, इसके ऊपर मोहल्ला क्लीनिक में शौचालय गायब रहे। कैग रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में 14 ऐसे अस्पताल हैं जहां अभी तक आईसीयू बेड नहीं है, 12 ऐसे अस्पताल सामने आए हैं जहां एंबुलेंस की कोई सुविधा नहीं। इसके ऊपर कई ऐसे मोहल्ला क्लीनिक पाए गए जहां कोई शौचालय




ही नहीं है। भारत सरकार से कोविड के दौरान जो फंड मिले थे, उसे लेकर भी कैग ने बड़ा दावा किया है। रिपोर्ट में पाया गया है कि उस पैसे को पूरी तरह इस्तेमाल ही नहीं किया गया। वो आंकड़े कहते हैं कि केंद्र से दिल्ली की आप सरकार को 787.91 करोड़ रुपये की राशि मिली थी। लेकिन आप सरकार मात्र 582.84 करोड़ रुपये ही खर्च कर पाएगी, यानी कि काफी पैसा इस्तेमाल ही नहीं हुआ। यह मायने इसलिए रखता है क्योंकि दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान काफी तबाही देखने को मिली थी।



## जन्म से हिंदू हूं, इसलिए महाशिवरात्रि कार्यक्रम में गया

- कर्नाटक डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बोले-अमित शाह भी थे शामिल
- कांग्रेस सचिव बोले- डिप्टी सीएम राहुल का मजाक उड़ाने वालों के साथ

**चेन्नई (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस नेताओं के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार 26 फरवरी को ईशा फाउंडेशन की तरफ से कोयंबटूर में आयोजित महाशिवरात्रि कार्यक्रम में गए थे। इसमें गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव पीवी मोहन ने शिवकुमार की कोयंबटूर यात्रा पर निशाना साधा। पीवी मोहन ने सोशल मीडिया पर लिखा- शिवकुमार एक ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण पर गए, जो राहुल गांधी का मजाक उड़ाता है। पीवी मोहन के आरोपों का जवाब देते हुए शिवकुमार ने कहा- मैं एक हिंदू हूं। मैं एक हिंदू के रूप में पैदा हुआ हूं और मैं एक हिंदू के रूप में मर जाऊंगा, लेकिन मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। शिवकुमार बोले- सद्गुरु जग्गी वासुदेव एक महान इंसान हैं शिवकुमार ने सद्गुरु के कार्यक्रम में जाने को लेकर कहा कि ईशा फाउंडेशन के सद्गुरु जग्गी वासुदेव आए



और मुझे (कोयंबटूर में शिवरात्रि समारोह के लिए) आमंत्रित किया। वे मैसूर से हैं। वे महान व्यक्ति हैं और मैं उनके ज्ञान और कद की प्रशंसा करता हूं, लेकिन कई लोग उनकी आलोचना करते हैं।

योगी सरकार का कुंभ का आयोजन सराहनीयः महाकुंभ के बारे में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। जिस तरह से उन्होंने (योगी सरकार) इसे आयोजित किया, मैं उसकी सराहना करता हूं। यह कोई छोटा काम नहीं है। यहां-वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं। ट्रेनों के कारण भी समस्याएं हो सकती हैं। मुझे खामियां निकालना पसंद नहीं है। यह बहुत संतोषजनक है। भाजपा से किसी तरह की साठगांठ नहीं: भाजपा के साथ साठगांठ के आरोपों का जवाब देते हुए शिवकुमार ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने का सिद्धांत है। महात्मा गांधी, नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी यही किया।

# वासुदेव देवनानी के प्रयास से अजमेर को मिली रिंग रोड और मल्टी परपज स्टेडियम की सौगात



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से राज्य बजट में अजमेर शहर को रिंग रोड और मल्टी परपज स्टेडियम की सौगात मिली है। इन बजट घोषणाओं से अजमेर शहर का विकास और अधिक तीव्र होगा। शहर को भारी वाहनों के प्रवेश से मुक्ति मिलेगी। साथ ही मल्टी परपज स्टेडियम से शहर को विभिन्न आयोजनों के लिए एक नया स्थान भी उपलब्ध होगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट में अजमेर शहर को बड़ी सौगाते दी गई हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध और शहर के तेजी से औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से आग्रह किया था कि अजमेर में रिंग रोड की घोषणा की जाए। देवनानी के आग्रह पर राज्य सरकार ने अजमेर में रिंग रोड बनाने के लिए 3 करोड़ रूपए की डीपीआर बनाने की स्वीकृति जारी की है।

इसी तरह बजट रिप्लाई में अजमेर में मल्टी परपज स्टेडियम की भी घोषणा की गई है। शहर में लंबे समय से एक ऐसे स्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जहा खेलों के साथ ही विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन आयोजित किए जा सके। इस मल्टी परपज स्टेडियम से शहर को ऐसा स्थान उपलब्ध होगा जहां विभिन्न आयोजन किए जा सकेंगे।

# अजमेर रिंग रोड के लिए 3 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी डीपीआर- देवनानी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान का बजट आमजन की उम्मीदों का बजट है। प्रत्येक वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। बजट में अजमेर का विकास भी प्राथमिकता है। अजमेर के चारों ओर जल्द रिंग रोड की योजना बनेगी। इसके लिए बजट में 3 करोड़ की राशि से डीपीआर बनाने की घोषणा की गई है। रिंग रोड बनने से एक तरफ जहां शहर को भारी वाहनों के प्रवेश से मुक्ति मिलेगी वहीं शहर का पर्यटन और औद्योगिक विकास भी तेजी से होगा। इसी तरह अन्य विकास कार्य भी आमजन को राहत देंगे।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को रातीडांग में कल्पवृक्ष के पास 1.80 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले उच्च जलाशय के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस उच्च जलाशय से रातीडांग ईदगाह प्रथम व ईदगाह द्वितीय, किसान कॉलोनी, अरावली विहार, आसपास की लगभग 50 हजार जनसंख्या लाभान्वित होगी। लम्बे समय से यहां पानी के प्रेशर की समस्या थी। उच्च जलाशय के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को पूरे प्रेशर से पेयजल उपलब्ध होगा। यह कार्य दिसम्बर 2025 तक पूर्ण हो जाएगा। यह उच्च जलाशय का निर्माण कार्य होने से 4 जोन की जलापूर्ति एक जोन में हो सकेगी। इससे दैनिक जलापूर्ति अन्तराल 48 घण्टे से भी कम में किया जाना सम्भव हो सकेगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि लगातार प्रयासों से राज्य बजट में अजमेर शहर को रिंग रोड और मल्टी परपज स्टेडियम की सौगात मिली है। इन बजट घोषणाओं से अजमेर शहर का विकास और अधिक तीव्र होगा। शहर को भारी वाहनों के प्रवेश से मुक्ति मिलेगी। साथ ही मल्टी परपज स्टेडियम से शहर को विभिन्न आयोजनों के लिए एक नया स्थान भी उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर में अधिकारियों से लगातार चर्चा कर रिंग रोड के प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया था। इसके लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भी आग्रह किया गया था। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किए गए बजट रिप्लाई में रिंग रोड की डीपीआर बनाने के लिए 3 करोड़ रूपए की घोषणा की गई है। जल्द ही यह योजना तैयार की जाएगी। रिंग रोड़ बनने से शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगेगा और शहर का तेजी से पर्यटन व औद्योगिक विकास भी होगा।

उन्होंने कहा कि इसी तरह बजट रिप्लाई में अजमेर में मल्टी परपज स्टेडियम की भी घोषणा की गई है। शहर में लंबे समय से एक ऐसे स्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जहा खेलों के साथ ही विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन आयोजित किए जा सके। इस मल्टी परपज स्टेडियम से शहर को ऐसा स्थान उपलब्ध होगा जहा विभिन्न आयोजन किए जा सकेंगे। इसी तरह बजट में अन्य कई घोषणाएं भी अजमेर के लिए की गई है।

# मुख्यमंत्री का भरतपुर दौरा- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने की मुलाकात



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भरतपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री से जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सर्किट हाउस में आत्मीय मुलाकात की। संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में भरतपुर एवं डीग जिले को दी गई सौगातों के लिए शर्मा का आभार भी जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री से नन्हें जूडो कराते खिलाड़ियों ने मुलाकात कर प्रतियोगिता में जीते अपने मेडल्स दिखाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई भी की और संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ. ऋतु बनावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, लघु उद्योग भारती, बृज हनी, ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्य, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। इससे पहले भरतपुर पहुंचने पर हैलीपेड पर मुख्यमंत्री शर्मा का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

# आयुर्वेद भारतीय जीवनशैली का आधार, "जहाँ आधुनिक चिकित्सा समाप्त होती है, वहाँ से आयुर्वेद शुरू होता है "– उप मुख्यमंत्री

## -राज्य स्तरीय आरोग्य मेला-2025 का भव्य शुभारंभ



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार दिवसीय राज्य स्तरीय आरोग्य मेला-2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ। शिल्पग्राम, जवाहर कला केंद्र में आयोजित इस मेले का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री एवं आयुष मंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारतीय जीवनशैली का आधार है और महर्षि चरक ने इसे सिद्ध किया है कि यह चिकित्सा पद्धति न केवल रोगों का उपचार करती है बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार आधुनिक विज्ञान और नवाचार से जोड़कर आयुर्वेद को नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आयुर्वेद केंद्रों के विस्तार से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर व्यक्ति को उचित चिकित्सा सेवा मिले। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राजस्थान में औषधीय पादपों की उपलब्धता के चलते राज्य इनका निर्यात कर रहा है, जिससे प्रदेश आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है।

डॉ. बैरवा ने कहा कि आयुर्वेद वहां शुरू होता है जहां आधुनिक चिकित्सा समाप्त होती है। यह चिकित्सा पद्धति रोगों को जड़ से समाप्त करने में सहायक है और इसका वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। उन्होंने राजस्थान को केवल वीरता की भूमि ही नहीं, बल्कि आरोग्य की जन्मभूमि भी बताया। उन्होंने कहा कि यह चार दिवसीय आरोग्य मेला एक बेहतरीन मंच है जहां आगंतुक निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं और आयुर्वेद तथा अन्य चिकित्सा पद्धतियों के बारे में गहन जानकारी हासिल कर सकते हैं।

उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने प्रदर्शनी में विभिन्न संबंधित स्टॉल्स का अवलोकन किया और वहाँ प्रदर्शित आयुर्वेदिक उत्पादों, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों तथा औषधीय पादपों की जानकारी ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती मंजू शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि "पहला सुख निरोगी काया" को साकार करने के लिए योग और आयुर्वेद को आमजन तक पहुँचाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने इस मेले को स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

समारोह के अंत में किसानों के लिए एक विशेष पुस्तक का विमोचन किया गया जिसमें औषधीय पादपों की विस्तृत जानकारी दी गई है जिससे किसान आयुर्वेदिक खेती को अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। चार दिवसीय इस मेले में आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी, यूनानी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे और निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगे। साथ ही आगंतुकों के लिए योग सत्र, आयुर्वेदिक उत्पादों की प्रदर्शनी और औषधीय पादपों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि विधायक कालीचरण सर्राफ, जयपुर ग्रेटर महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, प्रमुख शासन सचिव (आयुर्वेद विभाग) भवानी सिंह देथा सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर खान विभाग में लंबित प्रकरण को लेकर सरकार गंभीर

## - कोर्ट में अटके मामलो में बकाया राशि वसूलने की कवायद तेज

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में माइंस संबंधित लंबित प्रकरण पर सरकार गंभीर नजर आ रही है। इस संबंध में बकाया न्यायिक प्रकरणों में बकाया राशि वसूल करने की कवायद तेज कर दी है। इन मामलों के परीक्षण के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। जो न्यायालय के समक्ष विभागीय पक्ष को प्रभावी तरीके से रखेगी। माइंस एवं पेट्रोलियम प्रमुख सचिव टी। रविकान्त ने बताया कि माइंस विभाग से संबंधित 10 करोड़ रुपए से अधिक के बकाया राशि के न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में प्रभावी तरीके से पक्ष रखा जाएगा। इन प्रकरणों के गुणावगुण के आधार पर अध्ययन कर समीक्षा करने के लिए माइंस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है।

**कमेटी में इन अधिकारियों को किया गया शामिल:**

राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी में वित्तीय सलाहकार माइंस विभाग, संयुक्त विधि परामर्शी (उदयपुर और जयपुर) के साथ ही जयपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर के अतिरिक्त निदेशक को सदस्य भी बनाया गया है। अनुमानित तौर पर 50 से अधिक विचाराधीन प्रकरणों में राशि बकाया चल रही है।

**प्रभावी पैरवी के लिए सरकार को भेजी जाएगी रिपोर्ट:**

प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट में प्रभावी पैरवी के लिए आवश्यक सुझाव देते हुए समिति की रिपोर्ट को राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

**स्टे हटवाने संबंधित कई मामलों में रखा जाएगा पक्ष:**

दरअसल, ऐसे प्रकरणों में स्टे संबंधित कई कानूनी अड़चनें हैं। इन प्रकरणों में स्टे हटवाने और अन्य प्रकरणों में सरकार का पक्ष रखा जाएगा। ताकि लंबित मामले निपटाए जा सके और सरकार को बकाया रेवेन्यू मिल सके। इस संबंध में अधिकारियों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया गया है

# बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर को मेहनाज पटेल ने दी बधाई



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर पुनः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी इसी कड़ी में पूर्व प्रदेश सह संयोजक सोशल मीडिया अल्पसंख्यक मोर्चा बीजेपी मेहनाज पटेल ने बधाई दी ओर कुशल नेतृत्व की कामना की।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

## -बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की शीघ्र नियुक्ति के निर्देश

बारां, (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त करने के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दिवांशु शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान की गई तथा बीएलए नियुक्ति के लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे शीघ्र ही अपने बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की नियुक्ति कर संबंधित सूची जिला निर्वाचन कार्यालय एवं संबंधित ईआरओ को दो दिवस में उपलब्ध कराएं।

उन्होंने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1031 मतदान केंद्र हैं, जिनमें - अन्ता (193) 247 मतदान केंद्र, किशनगंज (194) 243 मतदान केंद्र, बारां-अटरू (195) 280 मतदान केंद्र एवं छबड़ा (196) 261 मतदान केंद्र है।

बैठक में बताया गया कि बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र नाम हटाने और मतदाता सूची में संशोधन कराने में सहायता करेंगे। इससे मतदाता सूची अधिक सटीक और त्रुटि-रहित तैयार हो सकेगी।

चुनाव समन्वयक हीरालाल वर्मा ने उपस्थित प्रतिनिधियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्ष में चार अवसर एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके तहत 1 जनवरी 2025 के संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि बाकी तीन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

बैठक में निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल जैसे वोटर हेल्पलाइन एप, सी-विजिल, सक्षम ऐप, सुगम पोर्टल आदि के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही, मतदाताओं को जागरूक करने हेतु टोल-फ्री नंबर 1950 की जानकारी साझा की गई। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे शीघ्र ही अपने बीएलए की सूची तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय और संबंधित ईआरओ कार्यालय में प्रस्तुत करें, ताकि आगामी चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। बैठक में अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने किया जीनियस इंटरनेशनल एकेडमी धनुरी का किया भव्य उद्घाटन



झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। शेखावाटी अंचल के सैनिक बाहुल्य गांव धनुरी में अंग्रेजी माध्यम के आधुनिक तकनीकों से लैस स्कूल जीनियस इंटरनेशनल एकेडमी का उद्घाटन जिला कलक्टर रामावतार मीणा द्वारा अनेक प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रिटायर्ड आइएएस अशफाक हुसैन , रिटायर्ड आइएएस जाकिर हुसैन के साथ उप निदेशक बाल अधिकारिता विभाग अरविन्द जी ओला, एडीओ स्वराज सिंह शेखावत, प्रो. इरशाद अहमद, सहायक प्रोफेसर विकास मील, कर्नल जावेद खान,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, सरपंच उस्मान खान,जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल, उप निदेशक कृषि इमरान खान सहित गांव व आसपास के क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे । संस्था के संचालक आकिब हुसैन ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने विकास कार्यों का निरीक्षण कर दिए निर्देश



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए शनिवार को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत सिमलोद का निरीक्षण किया और वहां आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर की व्यवस्थाओं को परखा। कलक्टर ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

कलक्टर ने कहा कि सरकार किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर मिले। उन्होंने शिविर में मौजूद किसानों को जागरूक किया कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लें और अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें।

शिविर के निरीक्षण के बाद जिला कलक्टर ने सिमलोद गांव में पैदल भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए ताकि लाभार्थियों को जल्द से जल्द अपने घरों की सुविधा मिल सके। इसके अलावा, कलक्टर ने गांव में सड़क, बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पानी और बिजली आपूर्ति के बारें में बातचीत कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

गांव के दौरे के दौरान जिला कलक्टर तोमर ने ग्रामीणों से मिलकर हाथ मिलाया और आत्मीयता से उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता ग्रामीण विकास है और सरकार की सभी योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कृषि और स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कलक्टर ने कहा कि किसी भी योजना का लाभ लेने में अगर किसी को कोई समस्या आती है तो वे प्रशासन से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव में सभी बुनियादी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना जैसी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, इसके लिए प्रभावी कार्य किया जाए। इस दौरान तहसीलदार, बीडीओ, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अजमेर जिला स्थित बिजयनगर ब्लैकमेल कांड की जांच के लिए करें एसआईटी का गठन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बिजयनगर ब्लैकमेल कांड की गंभीरता को देखते हुए ब्यावर कलक्टर और एसपी को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की विस्तृत जांच के लिए एसआईटी का गठन करें। आरोपियों की अवैध सम्पत्ति को जल्द हटाएं, आरोपियों को मिलने वाली फंडिंग की भी विशेष जांच करें ताकि प्रकरण में पर्दे के पीछे रहकर अवैध गतिविधियां चलाने वाले चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके।

बिजयनगर ब्लैकमेल कांड की जांच एवं अन्य मांगों को लेकर सर्व समाज संघर्ष समिति बिजयनगर ने शनिवार को अजमेर अध्यक्ष रमेश सोनी के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी के निवास पर मुलाकात की। समिति ने देवनानी को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया और गहन जांच के लिए एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम) गठित करने का आग्रह किया। समिति ने बताया कि यह पूरा मामला एक संगठित अपराध का है और इसमें योजनाबद्ध रूप से मासूम और नाबालिग बच्चियों को फसाने की साजिश रची गई है। पुलिस इस मामले की विशेष जांच करे तो परतें खुल सकती हैं।

इस पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने ब्यावर कलक्टर और पुलिस अधीक्षक से बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि मामले की जांच के लिए यथाशीघ्र एसआईटी का गठन करें। इस कांड में नामजद शेष आरोपियों के खिलाफ शीघ्र गिरफ्तारी की प्रक्रिया को तेज किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जांच के दायरे को और विस्तृत करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि आरोपियों को फंडिंग कहाँ से हो रही थी। इस पर व्यापक और गहन जांच की जाए।

विधान सभा अध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया कि आरोपियों द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को तुरंत ध्वस्त किया जाए, ताकि इस तरह के अपराधों पर रोक लगाई जा सके और कानून का पालन सुनिश्चित हो सके। देवनानी ने यह भी कहा कि प्रशासन इस मामले में पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

देवनानी ने ब्यावर और अजमेर पुलिस को निर्देश दिए कि हाईवे, शहरी क्षेत्र और छोटी कॉलोनियों में बने कैफे, रेस्टोरेन्ट और अन्य स्थानों पर जांच को निरन्तर जारी रखा जाए ताकि समय रहते ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने अभिभावकों, स्कूल प्रशासन, शिक्षकों एवं बच्चों से सीधा सम्पर्क में रहने वाले सभी लोगों से अपील की कि वे किसी भी असामान्य स्थिति पर नजर रखे और किसी भी तरह की परेशानी वाली जानकारी मिलने पर तुरन्त पुलिस और प्रशासन को अवगत कराए।

उन्होंने कहा कि अजमेर के ब्लैकमेल कांड के जख्म अभी भी पूरी तरह भरे नहीं है और इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# राधाकृष्णा फिजियोथैरेपी सेंटर के डॉक्टर गणपत लाल वर्मा का फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में अग्रणी नाम,सैकड़ों मरीजों का कर चुके उपचार

सवाई माधोपुर(रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा के क्षेत्र में उचित उपचार नहीं मिलने से जहां रोगियों को उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर अपना रुख करना पड़ता था। जहां अब सवाई माधोपुर के राधा स्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर ने मरीजों की इस जरूरत को समाप्त कर दिया। राधा स्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर के संस्थापक और अनुभवी फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर गणपत लाल वर्मा ने अपनी लगन और कौशल से जिले में चिकित्सा का एक नया अध्याय रचा। डॉक्टर वर्मा ने अपने 13 वर्षों के अनुभव में अब तक सैकड़ों मरीजों का उपचार फिजियोथेरेपी के माध्यम से सफलतापूर्वक किया है। डॉ. वर्मा मैं अपने प्रयास से सैकड़ो मरीजों को फिर से चलने फिरने में सक्षम बनाया है जो मरीज पूरी तरह से बिस्तर पर निर्भर थे। उनके कार्य और उनकी सेवाओं के कारण सवाई माधोपुर ही नहीं राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार हेतु राधा स्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर पर पहुंचते हैं। डॉ. वर्मा की इन उपलब्धियों को लेकर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है।

लकवे और गंभीर बीमारियों में उम्मीद की किरण:-डॉ. गणपत लाल वर्मा का मानना है कि फिजियोथेरेपी केवल एक इलाज



नहीं, बल्कि यह मरीजों के लिए एक नया जीवन प्रदान करने का जरिया है। वे बताते हैं कि लकवे के मरीज जब पहली बार हमारे पास आते हैं, तो वे चलने-फिरने की उम्मीद छोड़ चुके होते हैं। लेकिन सही उपचार और अत्याधुनिक तकनीकों के जरिए हम उनकी जिंदगी में चमत्कारी बदलाव लाने में सफल होते हैं।

उनके प्रमुख इलाज क्षेत्रों में शामिल हैं

रीढ़ की हड्डी और लकवे का इलाज,घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण के बाद पुनर्वास चिकित्सा,स्पाइनल कॉर्ड इंजरी,पैरालिसिस और न्यूरो-रीहैबिलिटेशन,जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, और गर्दन दर्द का उपचार

**मरीजों के अनुभव: भरोसे और विश्वास की कहानी:-**

रामलाल मीना (62 वर्ष, लकवे के मरीज) "जब मुझे लकवा हुआ, तब चलने की उम्मीद भी नहीं थी। लेकिन डॉ. वर्मा ने न केवल मुझे अपने पैरों पर खड़ा किया, बल्कि आत्मविश्वास भी लौटाया।"

**सुमित्रा देवी (45 वर्ष, स्पाइनल इंजरी):-**

"छह महीने तक बिस्तर पर रहने के बाद मैंने सोचा नहीं था कि मैं दोबारा खड़ी हो पाऊंगी। लेकिन आज मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूं। यह सब फिजियोथेरेपी की बदौलत संभव हुआ।"

राधास्वामी फिजियोथैरेपी सेंटर पर अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग राधास्वामी फिजियोथेरेपी सेंटर में मरीजों के इलाज के लिए कई आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। यहां प्रत्येक मरीज को व्यक्तिगत देखभाल के साथ बेहतरीन उपचार प्रदान किया जाता है।

**सेंटर की प्रमुख सेवाएं**

स्पाइनल थेरेपी और न्यूरो-रीहैबिलिटेशन,अत्याधुनिक उपकरण और तकनीक, बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक रिहैबिलिटेशन)

डॉ.गणपत लाल वर्मा की उपलब्धियां

डॉ. वर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। इनमें प्रमुख हैं:

2018 : गणतंत्र दिवस पर जिला स्तर पर सम्मान, 2019: राजस्थान एक्सीलेंस अवार्ड, 2021: फिजियो आइकन अवार्ड, 2022: महात्मा गांधी अस्पताल से क्लीनिकल एक्सीलेंस अवार्ड, 2023: गणतंत्र दिवस पर पुनः जिला स्तरीय प्रशस्ति पत्र

समाज सेवा और भविष्य की योजनाएं

डॉ. गणपत लाल वर्मा का उद्देश्य केवल इलाज तक सीमित नहीं है। उनका मानना है कि फिजियोथेरेपी से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मरीज को मजबूत बनाया जा सकता है।

आने वाले समय में वे नई तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करके अधिक से अधिक मरीजों तक सेवाएं पहुंचाने की योजना बना रहे हैं।

# ग्राम पंचायत चारणवास के ही सिंगोद खुर्द पुलिस ने की मृतक जवान के परिजनों की आर्थिक मदद



चौमूं (रॉयल पत्रिका) । भगवान सहाय यादव ग्राम चारणवास, पंचायत सिंगोद खुर्द निवासी राजेंद्र कुमार बुनकर कालाडेरा थाने में सिपाही पद पर कार्यरत था। राजेंद्र की दिनांक 8 फरवरी, 2025 को लंबी बीमारी के उपचार के बाद 32 साल की उम्र में मृत्यु हो गई थी। सिपाही की असामयिक मृत्यु पर जयपुर ग्रामीण पुलिस महकमे ने संयुक्त रूप से मिलकर मृतक की पत्नी श्रीमती इंदुबाला एवं बच्चों को 7 लाख 71 हज़ार रूपयों की आर्थिक मदद कर परिवार को संबल बंधाने की पहल की। इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण के एडिशनल एसपी (यातायात) श्रीनारायण शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक वृत गोविन्दगढ़ राजेश जांगिड़, थाना इंचार्ज कालाडेरा बाबूलाल मीणा सहित अनेक पुलिस कर्मियों ने परिजन के घर पहुंच कर यह राशि स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लौच्छिब, धोबलाई सरपंच रमेशचंद्र शर्मा, की उपस्थिति में समाज एवं गांव के गणमान्य नागरिकों के सामने भेंट की। इस अवसर पर ग्राम के अर्जुन सिंह चारण, शिक्षा विद् अनिल कुमार मीणा, शिक्षाविद् अशोक कुमार, चौथमल यादव, वार्ड पंच रमेश सेठी, रणमल बुनकर, पीसी बुनकर, नरेश बुनकर, वृद्धि चंद्र बुनकर जगदीश प्रसाद बुनकर सहित मृतक के परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे। परिवार की आर्थिक मदद करने पर सरपंच प्रतिनिधि त्रिलोक लोच्छिब ने पुलिस प्रशासन की पहल को अनुकरणीय एवं सराहनीय बताते हुये सभी का आभार व्यक्त किया।

# दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर चाँद रात में उमड़े जायरीन



कपासन (रॉयल पत्रिका)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रमज़ान माह की चाँद रात पर उमड़े जायरीन।

दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार शनिवार को दिन-भर आशिके दीवाना का आना-जाना लगा रहा। आस्ताना ऐ आलिया मे स्थित मुख्य मज़ार पर चादर, फूल, अगरबत्ती, इत्र पेश करने के लिये लम्बी-लम्बी कतारे लगी।

आहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व महफिले समा का प्रोग्राम दिन-भर चलता रहा, मैला ग्राऊण्ड मे 300 से उपर अस्थाई दुकाने लगी। 30 सिक्यूरिटी गार्ड लगाए गए। दरगाह की औलिया मस्जिद मे हाफिज शाकीर कादरी की ईमामत मे तराविह की नमाज अदा की जाएगी। दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से छाया-पानी का माकूल इंतजाम किया गया। चिराग बत्ती के समय मुल्क मे अमनो सुकून की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदा से दरगाह परिसर गूंज उठा।

# लाईट सॉफ्टवेयर पर दर्ज मामलों की समीक्षा, एडीएम ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिले में लाईट सॉफ्टवेयर पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा को लेकर एडीएम दिवांशु शर्मा ने मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए एडीएम ने सभी अधिकारियों को मामलों का शीघ्र एवं सही तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से अध्ययन करने के बाद ही उचित उत्तर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने पुलिस, नगर पालिका, पीएचईडी, आयुर्वेद, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को न्यायिक प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर सुनिश्चित जवाबदारी के साथ निस्तारण करने को कहा।

उन्होंने लाईट सॉफ्टवेयर में तीन महीने से एक वर्ष तक लंबित न्यायिक प्रकरणों की स्थिति, एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामले, न्यायालय में लंबित प्रकरणों में नियुक्त राजकीय अधिवक्ताओं व प्रभारी अधिकारियों का नवीनतम अपडेट, लाईट सॉफ्टवेयर में दस्तावेज अपलोड करने और पारित आदेशों की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगली बैठक से पहले सभी प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, अवमानना प्रकरणों, पालना से शेष प्रकरणों, अपील से शेष प्रकरणों एवं उनकी तथ्यात्मक रिपोर्ट की समीक्षा कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विधि परामर्शदाता बी. एम. मीणा सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गीतांजली सिनेप्स-2025 का हुआ समापन



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली यूनिवर्सिटी, उदयपुर में आयोजित सिनेप्स-2025 का समापन भव्य और शानदार तरीके से हुआ। इस कल्चरल फेस्ट के दौरान मेडिकल, पैरामेडिकल, फार्मेसी, डेंटल, फिजियोथेरेपी और नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। आज दिनांक 28-02-2025 को सुप्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका सुनिधि चौहान ने शिरकत की। गीतांजली ग्रुप के चेयरमैन जे.पी. अग्रवाल, वाइस चेयरमैन श्री कपिल अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल, यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. राकेश व्यास और रजिस्ट्रार श्री मयूर रावल ने उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया गया|

**सुनिधि चौहान की कॉन्सर्ट नाइट बनी यादगार:-**

आज दिनांक 28-02-2025 को सुनिधि चौहान के लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया, जिसने पूरे फेस्ट को यादगार बना दिया। जैसे ही सुनिधि चौहान मंच पर आईं, पूरा प्रांगण उनके नाम से गूँज उठा। उन्होंने अपने ऊर्जावान प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लोकप्रिय गाने "आँख," "कमली," "शीला की जवानी", "क्रेज़ी किया रे", "ये जो हल्का हल्का सुरूर है", "देसी गर्ल", "आजा सामी", "सजना जी वारी वारी जाऊं आदि पर उपस्थित दर्शक झूम उठे। सुनिधि की जादुई आवाज़ और जबरदस्त प्रस्तुति ने सभी को मदहोश कर दिया।

**प्रतियोगिताओं और सम्मान समारोह का आयोजन:-**

सिनेप्स-2025 के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में पूरे जोश के साथ भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल्स और अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने समारोह की शोभा और बढ़ा दी। कल अनुपम खेर के शो ने ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा भर दी वहीँ आज सुनिधि के सुरों से सम्पूर्ण गीतांजली गूँज उठा|दिनांक 22-02-2025 से शुरू हुआ यह भव्य फेस्ट, सुनिधि चौहान की धमाकेदार कॉन्सर्ट नाइट के साथ शानदार समापन की ओर पहुँचा। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि उनकी प्रतिभा को निखारने और नए अनुभव प्रदान करने का भी एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।

# महिला उधमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों में हो सकारात्मक भागीदारी, लक्की ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार में निकली स्कूटी



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन मैदान में चल रहे राजीविका राजसखी मेले का शुक्रवार समापन हुआ। समापन समारोह में जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, सीईओ श्वेता कोचर सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राजीविका डीपीएम दुर्गा ढाका व स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों में हमारी सकारात्मक भागीदारी हो। राजीविका सखी मेले का आयोजन महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

प्रधान दीपचंद राहड़ ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने क दिशा में राजसखी मेले का आयोजन एक मजबूत कदम है। इससे हमारी आंचलिक विशेषताओं क्षेत्रीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश भर से महिलाओं द्वारा यहां स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों की बिक्री व प्रदर्शन किया, वहीं स्थानीय महिलाओं को भी एक प्लेटफॉर्म मिला है।

सीईओ श्वेता कोचर ने मेले के आयोजन को लेकर कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को प्लेटफॉर्म प्रदान करने की दिशा में सराहनीय कदम है।

राजीविका डीपीएम दुर्गा ढाका ने बताया कि डिजिटल सखी नवाचार के लिए जिले को स्कॉच अवार्ड को टीम को समर्पित किया गया।

उन्होंने बताया कि राजसखी मेले में 7 दिनों में 20.50 लाख की बिक्री हुई। मेले में सभी आर्टिसन्स को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इसी के साथ 402 स्वयं सहायता समूहों को 10 करोड़ 2 लाख रुपये का चेक वितरण किए गए। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फैशन शो और लकी ड्रा आयोजित किए गए।

लक्की ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार में निकली स्कूटी:-

राजसखी मेले में अर्श इन्फोटेक, डिजिटल गार्ड, विजन सोलर की स्पॉन्सरशिप में लक्की ड्रॉ आयोजित किया गया। लक्की ड्रॉ में 1000 रुपए या अधिक की खरीददारी करने वाले को लक्की ड्रॉ में भागीदारी करने का अवसर मिला। इस अवसर पर अतिथियों ने छोटी बच्ची आरफा से ड्रॉ निकवाया, जिसमें उद्योग महाप्रबंधक उजाला को प्रथम पुरस्कार ई-स्कूटी, कपिल स्वामी को द्वितीय पुरस्कार फ्रीज और गोपीचंद प्रजापत को तीसरा पुरस्कार एलईडी टीवी निकाले गए। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार सौंपें।

इस दौरान एलडीएम अमरसिंह, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, अर्श इन्फोटेक से इमरान खान, विजन सोलर से असलम खान, डिजिटल गार्ड से सकीरा बानो सहित राजीविका स्टाफ व राजसखी मेले में भागीदारी करने वाली महिलाएं मौजूद रहीं।

# खाटू श्यामजी मेले को लेकर नगर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

## -पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने सौंपा ज्ञापन



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। आगामी खाटू श्यामजी लख्खी मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु चौमूं से होकर खाटू धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। इस विशाल धार्मिक आयोजन के चलते नगर में सेवा शिविरों और जलपान केंद्रों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे कचरा प्रबंधन एक अहम चुनौती बन जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर परिषद चौमूं के पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी राजेश कुमार वर्मा ने नगर परिषद आयुक्त दिलीप कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपकर विशेष सफाई अभियान चलाने, प्रमुख मार्गो पर नियमित कचरा निस्तारण, सुबह-शाम झाड़ू व्यवस्था एवं सार्वजनिक स्थलों पर बड़े डस्टबिन स्थापित करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से वर्मा ने प्रमुख रूप से राधा स्वामी बाग, मोरीजा रोड बाईपास पुलिया, बस स्टेण्ड, तेजाजी फाटक अंडरपास, रेलवे स्टेशन रोड, मुख्य बाजार, सामोद रोड पुलिया एवं रींगस रोड सहित विभिन्न मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। उन्होने बताया कि श्रद्धालुओं एवं स्थानीय निवासियों के लिए स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। परिषद प्रशासन से अनुरोध किया गया कि इस विषय को प्राथमिकता दी जाए ताकि नगर की स्वच्छता और सौंदर्य बना रहे। जिससे नगरवासी भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे और स्वच्छ चौमूं की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इस मौके पर समाज सेवी छीतर मल बबेरवाल बाबूजी भी उपस्थित थे ।

# जैसे अपराध से बचते हो वैसे ही पाप से डरो:- मुनि श्री अरहसागर जी महाराज



**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। परम पूज्य आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासमय सिंधु के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 अरहसागर जी महाराज एवं आर्जव सागर महाराज जी के आज्ञानुवर्ती शिष्य 108 श्री विभोर सागर जी महाराज के सानिध्य में भक्ति और श्रद्धा भाव के साथ जैन जोड़ला मंदिर चौमुखा बाजार में पूजन-अर्चन का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान मुनि श्री ने श्रद्धालुओं को धर्म सभा में संबोधित करते हुए कहा कि चिंतन अंतर की ओर चल रहा है । संसारिक संयोग से लेकर शरीर तक हमने विचार किया। शरीर से परे चित्त में उत्त्पन्न होने वाले विचार और विकार है। जो हर पल नष्ट होते है और उत्पन्न होते हैं। ये विचार भी मेरे स्वभाव नहीं है, बल्कि ये आत्मा के दुख के कारण है। जब तक इन कारणों का निवारण नहीं कर लेता। तब तक मैं सुखी नहीं हो सकता। जीवन की सुखी बनाने की बात है। मैं दुःखी किस कारण से हूँ। आप किसी पूछेगे कि भाई तो दुखी किस बात से तो बहुत् सारे दुख गिना देगा। जब भी दुःखों की चर्चा हो तो व्यक्ति की ओर ध्यान केन्द्रित करता है उस व्यक्ति के कारण दुख हुआ उस निमित्त से हालात के कारण दुख हुवा पर संत कहते ये असली दुख है, यह तो बाहरी कारण है। जड़ को पकड़ो बाहरी कारणों को देख कर हमें ऐसा लगता कोई हमें दुखी कर रहा है लेकिन ये वास्तिवकता नहीं है। संत कहते है कर्म सिदान्त को समझो, हमे बाहर से कोई दुखी नही करता हमें दुखी बनाते है। हमारे द्वारा उपार्जित कर्म जिसे हम प्रतिपल उपार्जित कर रहे है। एक सभ्य इंसान को किसी अपराध के लिए कहा जाए। तो क्या वो राजी होता है। नहीं'? उसे पता है ये अपराध है उसका परिणाम दंड, या जेल है इसलिए ऐसा अपराध मुझे नही करना सभ्य इंसान तो यही करता। क्योकि उसे कानून का डर है ओर अपराध का परिणाम क्या है और ये बात अगल है जो पेशेवर होता है उसे कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन जो सभ्य इंसान है। उसे"अपराध से डर होता हो । और बचता है संत कहते है- जैसे अपराध से बचते हो । वैसे ही पाप से डरो।

प्रवक्ता अमित जैन ने बताया कि प्रवचन के पश्चात मुनि श्री की आहारचर्या हुवी आहार चर्या का शोभग्य विजय कुमार जी शिशिर कुमार जी गोधा परिवार और कैलाश चंद जी, सुरेंद्र जी पाटोदी परिवार को प्राप्त हुवा इस दौरान भक्तों ने भक्ति और श्रद्धा के साथ सेवा का पुण्य अर्जित किया।

धर्मसभा में विवेक सोगानी, जिनेश पाटनी, धनेश गोधा , अंकित पाटनी,विनोद जी, शशीकांत,संजय, राकेश जी, घीसालाल जी, रिषभ, अनिल जैन, विकास जैन, शिखर जी, वीरेन्द्र जी, दीपक, आदि ने इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रवचन सुनने के बाद सभी ने आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव किया। पूरे आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा।

# हनुमानगढ़ टाउन का वार्ड नंबर 21 नशा मुक्त घोषित




हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर काना राम की अगुवाई में चलाए जा रहे "मानस अभियान" के अंतर्गत वार्ड वासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई सूचना एवं सर्वेक्षण के आधार पर हनुमानगढ़ टाऊन के पुराने वार्ड नंबर 21 को नारकोटिक्स व मेडिकेटेड नशे से मुक्त वार्ड घोषित किया गया है। वार्ड वासियों के उत्साहवर्धन के लिए नगर परिषद हनुमानगढ़ के आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी आंचल फुटेला ने कहा कि "नशा एक गंभीर बीमारी है, इसलिए नशा मुक्त वार्ड की घोषणा को एक उत्सव के रूप में मनाया गया, जिससे अन्य वार्ड भी प्रेरित होकर इस अभियान का हिस्सा बनें।"

कार्यक्रम में वीरेंद्र छापोला और अमर सिंह रचनाकार ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस सफल पहल से उम्मीद है कि अन्य वार्ड भी जल्द ही इस आंदोलन में शामिल होकर समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देंगे।

# सुकेत में जय सरस्वती आदर्श स्कूल में मनाया विज्ञान दिवस




सुकेत (रॉयल पत्रिका)। डॉ. तोहीद सुकेत मै जय सरस्वती आदर्श सी. से. स्कूल ने महान वेज्ञानिक सी वी रमन की रमन खोज की याद में आज विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया । स्कूल के डायरेक्टर अयाज खान ने बताया कि स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इसमें स्कूल के 132 छात्र छात्राओं विज्ञान विषय पर मॉडल बनाकर इस प्रदर्शनी में भाग लिया इसमें चंद्रयान, पुष्प का अनुप्रस्थ काट, जल शुद्धिकरण मॉडल ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण के प्रकार, सक्रिय ज्वालामुखी, हाइड्रोलिक ब्रिजपवन चक्की, उत्सर्जन तंत्रवर्षा जल संग्रहण, श्वसन तंत्र, स्ट्रीट लाइट, प्राकृतिक खेती, सोलर पैनल रक्त परिसंचरण, कार लिफ्ट आदि उत्कृष्ट मॉडल बनाकर विज्ञान दिवस मनाया गया ।

# वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को



श्रीगंगानगर, (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च 2025 को किया जा रहा है। जिसके सफल आयोजन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आलोक सुरोलिया (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) श्रीगंगानगर द्वारा दिनांक 1 मार्च 2025 को जिला न्यायक्षेत्र के समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ मीटिंग का आयोजन वीसी सभागार, जिला एवं सेशन न्यायालय, श्रीगंगानगर में किया गया। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को चिह्नित करने व राजीनामा योग्य प्रकरणों में संबंधित न्यायिक अधिकारी द्वारा प्रत्येक दिन न्यायालय समय पश्चात प्री-काउंसलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि अधिकाधिक प्रकरणों का राजीनामा से निस्तारण किया जा सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (एडीजे) ने "न्याय आपके द्वार" अभियान के बारे में वी.सी. के दौरा जानकारी प्रदान की गई। न्याय आपके द्वार अभियान के द्वारा श्रीगंगानगर की प्रत्येक ग्राम पंचायत को राष्ट्रीय लोक अदालत से जोड़ा गया है। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर सिविल, आपराधिक एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित ऐसे प्रकरण, जो एक ही ग्राम पंचायत के पक्षकारों के मध्य चल रहे हैं, में प्री-काउंसलिंग के द्वारा ऐसे प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। इस हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर एक समिति का गठन किया जावेगा।

इस बैठक में श्रीगंगानगर मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे व तालुका मुख्यालयों पर पदस्थापित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंस जोड़ा गया।

# कभी हो गए थे दिवालिया, पत्नी की सैलरी से हुआ गुजारा... किस्मत ने फिर दिया मौका तो बने अकूत दौलत के मालिक



नई दिल्ली, एजेंसी। योगेश मेहता की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। उन्होंने जिंदगी में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखे हैं। दिवालियापन से लेकर अरबों डॉलर के बिजनेस तक का उनका सफर प्रेरणादायक है। पत्नी के सहयोग और दुबई में नए सिरे से कारोबार की शुरुआत करने की उनकी क्षमता ने उन्हें कामयाबी दिलाई। वह संघर्ष करने से कभी पीछे नहीं हटे। इसकी बदौलत ही उन्होंने सबकुछ गंवाने के बाद दोबारा अरबों का साम्राज्य खड़ा कर दिया। वह पेट्रोकेम मिडिल ईस्ट के संस्थापक और सीईओ हैं। उनकी गिनती केमिकल डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री के बड़े नामों में होती है। आइए, यहां योगेश मेहता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए

योगेश मेहता पेट्रोकेम मिडिल ईस्ट के संस्थापक और सीईओ हैं। केमिकल डिस्ट्रीब्यूशन उद्योग की वह जानी-मानी हस्ती हैं। मुंबई के नेशनल कॉलेज बांद्रा से केमिस्ट्री में बीएससी करने के बाद उन्होंने अपने पिता की केमिकल फैक्ट्री में काम शुरू किया। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से 2003 में उन्होंने एक्जीक्यूटिव एमबीए भी किया।

# निसान के सीईओ की होगी छुट्टी ?

### हौंडा डील फेल होने के बाद कंपनी कर रही नया प्लान!



नई दिल्ली, एजेंसी। निसान मोटर कंपनी अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को बदलने की तैयारी कर रही है। कंपनी की कमजोर वित्तीय स्थिति और होंडा के साथ विलय डील के टूटने के बाद यह फैसला लिया जा सकता है।

**होंडा से डील फेल, अब सीईओ की कुर्सी खतरे में!-** निसान के डायरेक्टर नए सीईओ की तलाश कर रहे हैं। मौजूदा सीईओ माकोतो उचिदा, जो पिछले 22 सालों से कंपनी में हैं, साल 2019 से सीईओ के पद पर हैं। हालांकि, निसान की आर्थिक हालत खराब होने के कारण अब उनके हटने की अटकलें तेज हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने पहचान न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है, क्योंकि विचार-विमर्श निजी है। निसान ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उचिदा ने हाल ही में कहा था कि अगर उनसे पद छोड़ने के लिए कहा जाता है, तो वह तैयार हैं। लेकिन वह निसान की हालत सुधारने के बाद ही ऐसा करना चाहेंगे। उन्होंने निवेशकों को यह भी बताया कि मार्च में खत्म होने वाले वित्तीय वर्ष में कंपनी को 80 अरब येन (536 मिलियन डॉलर) का नुकसान हो सकता है। जबकि 9 महीने पहले कंपनी को 380 अरब येन का मुनाफा होने की उम्मीद थी।

**होंडा और निसान के बीच डील क्यों फेल हुई?-** पिछले साल उचिदा ने होंडा के साथ गठजोड़ करने की योजना बनाई थी। दोनों कंपनियों ने संयुक्त होल्डिंग कंपनी बनाने के लिए एक समझौता किया था, लेकिन शर्तों पर सहमति नहीं बनने के कारण यह डील रद्द हो गई। हालांकि, होंडा और निसान अब भी मित्सुबिशी मोटर्स के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक-व्हीकल बैटरियों और सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट पर काम करेंगे।

### निसान की आर्थिक स्थिति क्यों बिगड़ी?

निसान पर अगले साल बड़ी कर्ज राशि चुकाने का दबाव है, और तीनों बड़ी क्रेडिट एजेंसियों ने इसकी रेटिंग को जंक कैटेगरी में डाल दिया है। कंपनी को उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में मुश्किल हो रही है क्योंकि उसके वाहन पुराने मॉडल पर आधारित हैं। इसके चलते उसे बड़े डिस्काउंट और प्रमोशन्स देने पड़ रहे हैं, जिससे उसका घाटा बढ़ता जा रहा है। बीते नवंबर में कंपनी ने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी और 20 प्रतिशत उत्पादन क्षमता कम करने की योजना का एलान किया था।

### निसान को नया पार्टनर मिल सकता है?

निसान की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर और पुरानी साझेदार रेनो एसए ने होंडा के साथ डील खत्म करने के फैसले का समर्थन किया। रेनो के सीईओ लुका डे मेओ ने यह भी कहा कि भविष्य में चीन की झेजियांग गीली होल्डिंग ग्रुप कंपनी शायद निसान की तुलना से बेहतर पार्टनर हो सकती है।

इसी बीच, आईफोन बनाने वाली कंपनी हॉन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री कंपनी जिसे ख्रश×ष्ध्ठ्ठ (फॉक्सकॉन) के नाम से जाना जाता है, ने दिसंबर में निसान में हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश की थी और अब रेनो के 36 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए भी तैयार है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रिक-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग में अपनी जगह बनाना चाहती है और इसके लिए पार्टनर की तलाश कर रही है।

इसके अलावा, अमेरिकी निजी इक्विटी फर्म केकेआर एंड कंपनी ने निसान में निवेश करने पर विचार कर रही है, जिससे कंपनी की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। जैसा कि ब्लूमबर्ग न्यूज ने इस महीने की शुरुआत में मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया था।

## डेटानेट इंडिया ने इंडियास्टेटक्विज़.कॉम के लॉन्च के साथ 25 साल पूरे किए

मुंबई, एजेंसी। भारत तथा इसके राज्यों, जिलों और चुनावी क्षेत्रों पर सामाजिक-आर्थिक सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डेटानेट इंडिया ने क्विज प्रतियोगिताओं और ओलपियाड के लिए समर्पित मंच इंडिया स्टेट क्विज डाट काम के लॉन्च के साथ पोर्टफोलियो में वृद्धि करके अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस नई पहल का उद्देश्य भारत के सामाजिक-आर्थिक और चुनावी परिदृश्य के बारे में सार्वजनिक जुड़ाव और जागरूकता बढ़ाना है।




पिछले 25 सालों से डेटानेट इंडिया अपने मुख्य पोर्टल इंडिया स्टेट क्विज डाट काम के माध्यम से प्रामाणिक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा के लिए एक वेबसाइट के रूप में अपनी विश्वसनीयता स्थापित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कंपनी समाज को ज्ञान प्राप्त करने, विश्लेषणात्मक रूप से सोचने और राष्ट्रीय विकास का हिस्सा बनने में मदद करने के लिए इंटरैक्टिव क्विज-आधारित शिक्षा शुरू कर रही है। इसके लॉन्च के हिस्से के रूप में, इंडिया स्टेट क्विज़ डाट काम भारतीय अर्थव्यवस्था- आर्थिक सर्वेक्षण 2024-2025 और केंद्रीय बजट 2025-2026 के विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता भारत में स्नातक और उससे ऊपर के छात्रों के लिए खुली है और उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में अधिक जानने का एक रोचक मंच प्रदान करती है। इस क्विज में भागीदारी निःशुल्क है।

## नेस्ले इंडिया ने महाकुंभ 2025 में रचा सौहार्द और एकजुटता का माहौल

मुंबई, एजेंसी। नेस्ले इंडिया महाकुंभ में बहुत सारी मज़ेदार चीज़ें करने के लिए तैयार है, जिनसे लोगों को अच्छा लगेगा, उन्हें आराम मिलेगा और सब एक-दूसरे से मिल-जुल पाएंगे। इसमें मैगी और किटकैट जैसे उनके मशहूर ब्रांड भी होंगे, और वो हर आगंतुक के अनुभव को और भी खास बना देंगे। दुनिया के इतने बड़े मेले में, नेस्ले चाहता है कि सब लोग एक साथ आएं, थोड़ी देर आराम करें और खुशी के पल बिताएं। इसकी सभी गतिविधियों में एक प्रमुख गतिविधि है मैगी महाकुंभ कैम्पेन ''2 मिनट अपनों के लिये'', जिसमें लोगों को साथ लाने के लिये मैगी की भूमिका के बारे में बताया गया है। मैगी ने इसके लिये खास ब्रैंडेड जोन्स और डेडिकेटेड सेल्फी पॉइंट्स स्थापित किये हैं, जहाँ आगंतुक गरमा-गरम मैगी का मजा लेते हुए अपने ''मैगी मोमेंट्स'' को संजो सकते हैं। अपनी सामुदायिक पहल के तहत नेस्ले इंडिया ने सफाई कर्मचारियों को 12000 कंबल वितरित किये और 2-मिनट मैगी मील्स भी परोसी। महाकुंभ को संभव बनाने वाले इन लोगों को कंपनी ने गर्माहट का अहसास और पोषण प्रदान किया।

इन पहलों पर अपनी बात रखते हुए, नेस्ले इंडिया में प्रीपेयर्ड डिशेज और कुकिंग ऐड की डायरेक्टर रूपाली रत्तन ने कहा, ''इस महाकुंभ में नेस्ले मैगी ने अपने कैम्पेन '2 मिनट्स अपनों के लिये' से लोगों को एकजुट किया है। मैगी चार दशकों से ज्यादा समय से भारतीय परिवारों का हिस्सा बना हुआ है और हमेशा से एकजुटता का प्रतीक रहा है। इस कैम्पेन के माध्यम से मैगी ने मैगी कॉर्नर्स स्थापित किये हैं, जोकि कुंभ में आने वाले लोगों को आराम देते हैं।

# गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड्स 2024 में हासिल किये कई पुरस्कार

मुंबई। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की व्यावसायिक इकाई, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस को इसके आठ अग्रणी उत्पादों के लिए प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार नवोन्मेष, बेहतर कार्यक्षमता और अत्याधुनिक डिज़ाइन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।



पुरस्कार हासिल करने वाले उत्पादों में होम डेकोर हैंडल- एचडीएच 01, एचडीएच 02, एचडीएच 03, एचडीएच 06, एचडीएच 07 और एचडीएच 10- के साथ-साथ स्लाइडिंग डोर के लिए वार्डरोब साइड लॉक और कैटस होटल इंटरकनेक्टेड लॉक शामिल हैं। ये उत्पाद आधुनिक भारतीय घरों की ज़रूरतों को पूरा करने से जुड़े नए दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बेहतर उपयोगिता, मज़बूती और खूबसूरती प्रदान करते हैं। वे नए दौर के घरों में में सहज एकीकरण सुनिश्चित करते हुए नए उद्योग मानक स्थापित करते हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख, श्री श्याम मोटवानी ने कहा- नवोन्मेष और डिज़ाइन उत्कृष्टता, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस की बुनियाद है। हर उत्पाद के डिज़ाइन पर बेहद ध्यान दिया जाता है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि हर समाधान आर्किटेक्चर और डिज़ाइन के ताज़ातरीन रुझानों के अनुरूप होने के साथ-साथ व्यावहारिक रूप से भी बेहद उपयोगी हो। हर साल प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड्स जीतना घर की सुरक्षा, कार्यक्षमता और खूबसूरती के लिहाज़ से नए उद्योग मानक स्थापित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। भारत के पहले मेड इन इंडिया आईओटी9 डिजिटल लॉक की शुरुआत करने से लेकर आर्किटेक्चरल फिटिंग और सिस्टम में अपने पोर्टफोलियो को नया रूप देने तक, हम सुरक्षा और डिजाइन की सीमाओं को आगे बढ़ाते रहते हैं। साल दर साल यह मान्यता प्राप्त करना उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। यह हमें आगे बढ़ने और ऐसे समाधान बनाने के लिए प्रेरित करता है जो न केवल ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करें बल्कि इससे भी बढ़कर, जिससे घर स्मार्ट, सुरक्षित और अधिक स्टाइलिश बनें।

# एआई की मदद से जीडीपी में 25-30 अरब डॉलर का योगदान देगा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र

### उपचार के बेहतर होंगे परिणाम



नई दिल्ली, एजेंसी। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल से 2025 तक भारत की जीडीपी में 25-30 अरब डॉलर का योगदान करेगी। साथ ही, इससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, डायग्नोस्टिक्स और उपचार के परिणाम बेहतर होंगे। डेलॉय ने एक रिपोर्ट में कहा, भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एआई अपनाने की दर बढ़कर 40 फीसदी फीसदी से अधिक हो गई है। इसके साथ ही यह एफएमसीजी (30 फीसदी) और विनिर्माण (25 फीसदी) जैसे क्षेत्रों से आगे निकल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिया एआई मिशन और डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट-2023 जैसी सरकार समर्थित पहल डिजिटल रूप से सशक्त स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रही है।

**भारत में वैश्विक लीडर बनने की क्षमता-** रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की सर्जिकल खपत और डिस्पोजेबल निर्यात 2022-23 में बढ़कर 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह आंकड़ा वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल बाजार में भारत की बढ़ती क्षमता और उपस्थिति को दर्शाता है। हालांकि, अपनी पूरी क्षमता के लिए स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को नियामकीय, श्रमबल प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे की सीमाओं जैसी चुनौतियों से पार पाना होगा। लक्षित निवेश और केंद्रित नीतिगत प्रगति के साथ भारत एआई संचालित स्वास्थ्य देखभाल में वैश्विक लीडर बन सकता है।

# सैमसंग ने प्रीमियम डिज़ाइन और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ स्मार्टफोन सर्विस सेंटर्स में किया बड़ा बदलाव

### फिर से डिज़ाइन किए गए सर्विस सेंटर्स में आरामदायक लाउंज-स्टाइल में बैठने की व्यवस्था, बिल्ट-इन वायरलेस चार्जिंग और प्रोडक्ट सपोर्ट के लिए डेडीकेटेड कियोस्क होंगे




गुरुग्राम, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नए सिरे से डिजाइन करके अपने स्मार्टफोन कस्टमर सर्विस अनुभव को बेहतर बनाया है। इस बदलाव का मकसद है कि लोगों को सर्विस भी आसानी से मिले और नए फोन खरीदने में भी मदद मिले। सैमसंग हमेशा से अच्छी सर्विस देने के लिए जाना जाता है, और यह कदम उनकी इस कोशिश को और भी मजबूत करता है।

सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नया रूप दिया है ताकि लोगों को हर तरह से अच्छी सुविधा मिल सके। नए डिज़ाइन किए गए सेंटरों में, सैमसंग के युवा ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, नई डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। यहाँ न सिर्फ अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट देखने को मिलेंगे, बल्कि आधुनिक डायग्नोस्टिक टूल्स तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देंगे। इन टूल्स से फ़ोन की खराबी का भी सटीकता से पता लगाया जा सकेगा, जिससे समस्या का सही समाधान हो सके। अपग्रेड किए गए ये सेंटर पारंपरिक लेआउट से अलग हैं। इनमें आलीशान सोफा-स्टाइल सीटिंग की सुविधा है। यहां इनबिल्ट वायरलेस चार्जिंग स्टेशन हैं, जो लाउंज जैसा माहौल बनाते हैं।

रीइमेजिन्ड एक्सेसरी वॉल पर सैमसंग के वियरेबल्स की विस्तृत रेंज दिखाई गई है, जबकि अल्ट्रा-लार्ज डिजिटल स्क्रीन पर नए प्रोडक्ट इनोवेशन दिखाए गए हैं, जो आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान करते हैं।

सैमसंग इंडिया में कस्टमर सैटिस्फैक्शन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुटिन्हा ने कहा, पिछले दशकों में हमने अपने मौजूदा ग्राहकों को सपोर्ट देने के लिए सर्विस सेंटर्स के एक मजबूत नेटवर्क का विस्तार किया है जो हमारे सेल्स पार्टनर्स की जरूरतों के मुताबिक है।

# अवीनो बेबी ने सेंसेटिव स्किन केयर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

### लॉन्च की शिशु के चेहरे के लिए विशेष रूप से तैयार डेली मॉइस्चर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम




नई दिल्ली, एजेंसी। शिशु की त्वचा स्वाभाविक रूप से नाजुक होती है, जिसे कोमल देखभाल और गहरी नमी की आवश्यकता होती है ताकि वह स्वस्थ, मुलायम और सुरक्षित बनी रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए, अवीनो बेबी ने अपने उत्पादों की शृंखला में विस्तार करते हुए नई डेली मॉइस्चर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम लॉन्च की है।

यह फेशियल जेल क्रीम त्वचा में तुरंत समा जाती है और 24 घंटे तक नमी बनाए रखती है, वह भी बिना किसी चिपचिपाहट के। इसमें मौजूद ट्रिपल ओट एक्सट्रैक्ट और एवोकाडो ऑयल त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं, उसे सुकून पहुंचाते हैं और नाजुक चेहरे की त्वचा की कोमलता बनाए रखते हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित यह कोमल फॉर्मूला आपके नन्हें की त्वचा को हर दिन नमी और सुरक्षा का खास अहसास देता है। शिशु की त्वचा बड़ों की त्वचा की तुलना में पानी को तेजी से अवशोषित करती है, लेकिन उतनी ही तेजी से इसे खो भी देती है, क्योंकि उनकी त्वचा की सुरक्षा परत अभी विकसित हो रही होती है और नमी बनाए रखने में उतनी प्रभावी नहीं होती। शिशु के चेहरे की त्वचा शरीर के बाकी हिस्सों की तुलना में अधिक हाइड्रेटेड रहती है, लेकिन चूंकि यह पतली और बहुत नाजुक होती है, इसलिए इसमें नमी तेजी से कम हो सकती है। इसी कारण माता-पिता आमतौर पर शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में शिशु के चेहरे को अधिक मॉइस्चराइज करने पर ध्यान देते हैं। बेबी एक्जिमा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, लेकिन शिशुओं के चेहरे पर इसका असर सबसे अधिक देखा जाता है। चूंकि चेहरे की त्वचा बेहद नाजुक होती है, इसलिए एक्जिमा से पीड़ित शिशुओं को आमतौर पर गालों, ठुड्डी और मुंह के आसपास दाने होने की समस्या होती है। भारत की शुष्क जलवायु के कारण शिशुओं का चेहरा बाहरी वातावरण और प्रदूषकों के संपर्क में अधिक रहता है, जिससे इसकी खास देखभाल जरूरी हो जाती है। चेहरे की कोमलता और नाजुकता के कारण इसे अतिरिक्त नमी और सुरक्षा की जरूरत होती है।

## आकांक्षी भारत के जोश को दर्शाती है कोटक की नई ब्रांड फिलॉसफी - 'हौसला है तो हो जाएगा'

kotak
Kotak Mahindra Bank

मुंबई, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंकने आज अपनी नई ग्रुप ब्रांड फिलॉसफी'हौसला है तो हो जाएगा'लॉन्च की है। यह सिर्फ एक विचारधारा नहीं, बल्कि कोटक के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह नई और दमदार ब्रांड फिलॉसफी कोटक की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जिसके तहत वह सिर्फ एक बैंक बनकर नहीं, बल्कि आकांक्षी भारतीयों के लिए एक भरोसेमंद वित्तीय संस्थान बनने का लक्ष्य रखता है। इस विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिएकोटकएक बड़े स्तर पर मल्टी-चैनल मार्केटिंग कैंपेन शुरू कर रहा है, जो टेलीविजन, डिजिटल, प्रिंट, आउटडोर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलेगा। इसका उद्देश्यभारतीयों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए बड़े कदम उठाने के लिए प्रेरित करनाहै। रोहित भसीन, प्रेसिडेंट - हेड अफ्लुएंट, एनआरआई, बिजनेस बैंकिंग और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कोटक महिंद्रा बैंकने कहा,'हौसला है तो हो जाएगा' सिर्फ एक ब्रांड फिलॉसफी नहीं, बल्कि कोटक के एक बड़े बदलाव की शुरुआत है।

### बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम

आज के समय मेंआकांक्षा ही प्रगति की असली करंसीबन चुकी है। इसी सोच के साथकोटकअपने विभिन्न व्यवसायों को एक साझा विचारधारा से जोड़ रहा है। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए है, जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं, बड़े लक्ष्य तय करते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं।

शुरुआत से हीकोटकइन सिद्धांतों पर काम कर रहा है और अपने ग्राहकों कोबड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए आत्मविश्वास से भरा रहनेकी प्रेरणा देता रहा है।' हौसला है तो हो जाएगा 'इसी विश्वास को और मजबूत करता है।

गोधरा ट्रेन घटना की 23वीं बरसी पर

# एकता कपूर ने की द साबरमती रिपोर्ट पर बात



साल 2002 के दुखद गोधरा ट्रेन हादसे की 23वीं बरसी पर फिल्म निर्माता एकता कपूर ने द साबरमती रिपोर्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कुछ कहानियां सिर्फ फिल्मों से ज्यादा होती हैं। फिल्म की यात्रा पर विचार करते हुए, एकता ने कहा, कुछ कहानियां सिर्फ फिल्मों से ज्यादा बढ़कर होती हैं, वे जिम्मेदारियां होती हैं।

साबरमती रिपोर्ट एक ऐसा ही प्रयास है, जहां हमने सच्चाई को सामने लाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया है कि हम इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ संभालें। साबरमती रिपोर्ट में एक जिद्दी पत्रकार की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा कि यह फिल्म सिर्फ एक घटना के बारे में नहीं है। यह देश और लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में हैं। कैसे इतने सारे लोगों ने प्रभावित परिवारों के बारे में सोचे बिना इस त्रासदी का इस्तेमाल अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया। उन्होंने आगे कहा, यह हमारा 9/11 है। ऐसी शक्तिशाली कहानी का हिस्सा बनना वाकई एक विनम्र अनुभव रहा है।

प्रधानमंत्री का समर्थन और पूरे देश से मिली प्रतिक्रिया ने मुझे महसूस कराया कि समाज को प्रतिबिंबित करने वाली सिनेमा के लिए अभी भी जगह है। बता दें कि दूरदर्शी धीरज सरना द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राशि खन्ना और रिधि डोगरा ने भी दमदार अभिनय किया है। यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में हुए अग्निकांड पर आधारित है। द साबरमती रिपोर्ट एक पत्रकार की कहानी है, जो गुजरात में 2002 में गोधरा में ट्रेन में आग लगाने की घटना की जांच करता है। सालों बाद, एक और रिपोर्टर को उसकी छिपी हुई रिपोर्ट का पता चलता है।

वे शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़ी एक साजिश का पर्दाफाश करते हैं, जो सच्चाई की तलाश में धमकियों का सामना करते हैं। द साबरमती रिपोर्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली।

# इंटर रिलीजन मैरिज के बाद प्रियामणि हुई थीं ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार?



प्रियमणि और मुस्तफा राज की सगाई 2016 में हुई थी और एक साल बाद उन्होंने 2017 में बेंगलुरु में शादी कर ली थी। मुस्तफा के साथ अपनी इंटर रिलीजन शादी के बाद झेली गई नकारात्मकता के बारे में खुलकर बातचीत की है। साउथ अभिनेत्री प्रियामणि ने 2017 में फिल्म मेकर मुस्तफा राज से शादी की थी। उनके लिए यह मौका जश्न मनाने का था, लेकिन उनकी इंटर रिलीजन मैरिज ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गई। हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर लव जिहाद के नाम पर मजाक ने उन्हें कितना परेशान किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, जब मैंने अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की तो मैं बस इस खुशी के पल को उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि किस वजह से बेवजह नफरत फैलनी शुरू हो गई और लव जिहाद के आरोप लगने लगे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जब कल हमारे बच्चे होंगे तो वे ISIS में शामिल हो जाएंगे।

प्रियामणि ने आगे कहा, मैं समझती हूं कि मैं मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हूं। लेकिन आप किसी ऐसे व्यक्ति पर हमला क्यों करना चाहते हैं, जो इन चीजों का हिस्सा ही नहीं है? शुरुआत के 2 से 3 दिनों तक यह मुझ पर भारी पड़ा क्योंकि मुझे बहुत सारे संदेश मिलते रहे।

गोविंदा की को-स्टार आयरा बंसल


# ऊर्फी जावेद के शो में करेंगी सगाई



गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल आदर्श जीवनसाथी की तलाश के लिए ऊर्फी जावेद के नए रियलिटी शो एंगेज्ड -रोका या धोखा में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई हैं। अभिनेत्री आयरा बंसल जिन्होंने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में तो की हैं। साथ ही उन्होंने म्यूजिक वीडियो और रैंप मॉडलिंग भी की है और भारत, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए वॉक किया है।

लेकिन पहली बार वह किसी रियलिटी शो में भाग ले रही हैं। एंगेज्ड एक नए तरीके का रियलिटी शो है। जब मुझसे इसके लिए संपर्क किया गया, तो मेरे दिमाग में केवल यही चल रहा था कि मैंने अभिनय और मॉडलिंग की है, लेकिन रियलिटी शो कुछ नया है जो मैंने अभी तक नहीं किया है, इसलिए मैंने इस अवसर का लाभ उठाया। और जीवन साथी तो कब, कहाँ और कैसे मिल जाए ये सब भगवान के हाथ में होता है .आयरा ने शो का हिस्सा बनने की वजह बताते हुए कहा। एंगेज्ड - रोका या धोखा सिर्फ डेटिंग शो नहीं है बल्कि यह एक ऐसा शो है जहाँ आप अपना सच्चा जीवनसाथी पा सकते हैं। शो में प्रतिभागियों को एक जोड़े के रूप में अलग-अलग टास्क जीतने होते हैं, जिससे उन्हें एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने, समझने और विश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है। शो को ऊर्फी जावेद और हर्ष गुजराल होस्ट कर रहे हैं और यह वर्तमान में जियो सिनेमा और हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

# सलमान खान की सिकन्दर का धमाकेदार टीजर जारी



## ईद पर दर्शकों को मिलेगी ईदी


बीते साल से चर्चाओं में रही सलमान खान की ईद के मौके पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म सिकन्दर का बहुप्रतीक्षित टीजर आज साजिद नाडियाडवाला के जन्म दिन पर जारी हो गया है। टीजर ने जारी होते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया है और इंटरनेट की दुनिया में वायरल हो गया है। जारी होने के एक घंटे में ही इसे यूट्यूब पर 8,38,630 व्यूज मिल चुके थे। टीजर में धमाकेदार एक्शन का वादा किया गया है। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। सलमान खान की आने वाली एक्शन थ्रिलर फिल्म सिकंदर का नया टीजर गुरुवार को रिलीज किया गया, जिसमें सुपरस्टार की मुख्य भूमिका की झलक देखने को मिली। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक धमाकेदार मनोरंजन वाली फिल्म होने का वादा करती है। इसमें रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी अहम भूमिका में हैं और यह 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर की शुरुआत सलमान द्वारा अपने नाम के पीछे की कहानी सुनाने से होती है। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है, वह घोषणा करते हैं कि वह समाज को साफ करने के लिए यहां आए हैं। टीजर हिंदी-फिल्मी स्टाइल की डायलॉगबाजी से भरपूर है और इसमें रश्मिका मंदाना और अभिनेता सत्यराज का भी परिचय कराया गया है। टीजर रिलीज से पहले फिल्म के निर्माताओं ने प्रशंसकों को एक रोमांचक अपडेट दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, इंतजार लगभग खत्म हो गया है। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने निर्माता साजिद नाडियाडवाला के 58वें जन्मदिन के अवसर पर सलमान खान की विशेषता वाला एक नया पोस्टर भी जारी किया था। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, सभी अद्भुत प्रशंसकों के लिए, आपका धैर्य हमारे लिए बहुत मायने रखता है। सिकंदर को मिले प्यार के बाद, साजिदनाडियाडवाला के जन्मदिन पर एक छोटा सा उपहार! सिकंदर में सलमान को एक दमदार लेकिन करिश्माई अवतार में दिखाया जाएगा और इसे साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और मुंबई में बड़े पैमाने पर की गई है। सिकंदर में सलमान फिर से निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ काम कर रहे हैं, जो किक और मुझसे शादी करोगी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं।



## सान्या मल्होत्रा की जीत का सिलसिला जारी

# कटहल, मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट फिर से ओटीटी पर कर रही हैं ट्रेंड !

मिसेज की अभूतपूर्व सफलता के बाद, सान्या मल्होत्रा एक सच्ची सुपरस्टार के रूप में चमक रही हैं। अब, कटहल मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट के साथ ट्रेंड कर रहा है, तीनों फिल्में ओटीटी पर टॉप 10 में फिर से प्रवेश कर चुकी हैं। फिर से ट्रेंड करना उनके प्रदर्शन के प्रति दर्शकों के अटूट प्यार को उजागर करता है और आज सबसे अधिक मांग वाले अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करता है। मिसेज को उनके सशक्त अभिनय के लिए व्यापक प्रशंसा मिलने के साथ, दर्शक उनकी पिछली फिल्मों को फिर से देख रहे हैं, उनकी बहुमुखी प्रतिभा और स्टार पावर का जश्न मना रहे हैं। मीनाक्षी सुंदरेश्वर के दिल को छू लेने वाले आकर्षण से लेकर पगलैट की भावनात्मक गहराई और कटहल की विचित्र प्रतिभा तक, सान्या ने सभी शैलियों में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा है। जैसे कि उनकी फिल्में एक बार फिर ओटीटी चार्ट पर हावी हो रही हैं, सान्या मल्होत्रा ??की लगातार सफलता साबित करती है कि वह सिर्फ एक कलाकार नहीं बल्कि दर्शकों की सच्ची पसंदीदा अभिनेत्री हैं, जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे बैंकेबल सितारों में से एक बनाती है। उनके प्रदर्शन को लेकर चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है, और प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ बेनाम परियोजना में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। सान्या मल्होत्रा निर्विवाद रूप से एक बड़ी स्टार-पॉवर है।



# भगवान शिव का किरदार निभाकर अक्षय ने खुद को बताया भाग्यशाली

आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' में अभिनेता अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे। इस अवसर पर वह अपने पिता को भी याद करते हैं। साथ ही बताते हैं कि कैसे उनके पिता ने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी।

सिने परदों पर अभिनेता अक्षय कुमार ने पहले भी भगवानों की भूमिका अदा की है। इस बार वह आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले हैं। इसे लेकर वह एक कार्यक्रम में अपने अनुभवों को साझा करते हैं। इसमें वह बताते हैं कि उनके पिता को भी एकबार शिव की भूमिका करने के लिए कहा गया था। आइए जानते हैं कि आखिर अक्षय कुमार ने क्या कहा..

### जब पिता ने निभाई शिव की भूमिका


मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान अक्षय कुमार ने बताया कि जब उनके पिता का ट्रांसफर मुंबई में हुआ था। उसी वक्त एक आदमी उनके पास आता है और पूछता है एक्टिंग करोगे? यह सुनकर पिता जी चौंक जाते हैं। फिर वह उन्हें सेट तक ले जाता है, जहां उनको भगवान शिव की पोशाक पहना दी जाती है। अक्षय कुमार बताते हैं कि उनके पिता 6.1 फिट लंबे थे। हालांकि, उनका रोल मात्र 5-10 सेकेंड का ही था। लेकिन आज उनके बेटे यानी अक्षय कुमार को भी भगवान शिव की भूमिका निभाने का अवसर मिल रहा है।

### जब अक्षय ने खुद को भाग्यशाली बताया

अभिनेता अक्षय कुमार ने बताया कि 2012 में आई ओह मॉय गॉड फिल्म में उनको भगवान श्रीकृष्ण की भूमका निभाने का अवसर मिला था। फिर साल 2023 में इस फिल्म की दूसरी भाग रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी।

अब वह आगामी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है।

## राजामौली की फिल्म में बढ़ा प्रियंका का रोल



प्रियंका चोपड़ा जोनस को फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी जंगल एडवेंचर ड्रामा फिल्म ऑफर की थी। इस फिल्म में प्रियंका के साथ महेश बाबू भी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। जहां पहले प्रियंका चोपड़ा जोनस इस रोल को नहीं करना चाह रही थीं क्योंकि उनके मुताबिक यह बहुत छोटा था, अब राजामौली ने उनके रोल को उनके अनुसार बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि राजामौली ने प्रियंका की ग्लोबल आइकन इमजे को ध्यान में रखकर फिर से उनका रोल लिखा है ताकि उनकी मौजूदगी जस्टिफाई हो सके। प्रियंका, राजामौली की नई फिल्म करने के लिए केवल इस शर्त पर सहमत हुईं कि उनकी मौजूदगी को सही ठहराने के लिए महिला नायक की भूमिका को बढ़ाया जाए। इस फिल्म के लिए प्रियंका ने 35 करोड़ रुपए लिए हैं। इस फिल्म के लिए प्रियंका ने 35 करोड़ रुपए की फीस ली है।

## जहीर संग इंटर-कास्ट मैरिज पर बोलीं

# सोनाक्षी दो दिल प्यार में थे... एक-दूजे का धर्म नहीं देखा



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने बीते वर्ष जून में जहीर इकबाल से शादी रचाई। यह इंटर-कास्ट शादी थी, लिहाजा दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी का फैसला किया। इसे लेकर हाल ही में सोनाक्षी ने बात की है।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अपनी शादीशुदा जिंदगी में बेहद खुश हैं। फैंस की पसंदीदा जोड़ी में शामिल सोना और जहीर ने बीते वर्ष जून में शादी रचाई। दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की। इसके बाद रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया। परिवार और बेहद करीबी दोस्त ही इनकी शादी में शामिल हुए। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी इंटर-कास्ट मैरिज पर बात की।

सोनाक्षी और जहीर की शादी काफी सादगीभरे समारोह में हुई। सोनाक्षी और जहीर क्योंकि अलग-अलग धर्मों से ताल्लुक रखते हैं, लिहाजा इनकी शादी काफी चर्चा में रही। हाल ही में सोनाक्षी ने हॉटरफ्लाई के साथ एक इंटरव्यू में जहीर के साथ स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी करने के बारे में बात की। अलग-अलग धर्मों से ताल्लुक रखने को लेकर उन्होंने कहा, जहीर और मैं धर्म को नहीं देख रहे थे। यहां दो लोग हैं, जो एक-दूसरे से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं, अब ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?

### वो दिवाली पूजा में बैठता है, मैं उसके नियाज में

सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, वह मुझ पर अपना धर्म नहीं थोप रहा है। मैं उस पर अपना धर्म नहीं थोप रही हूं। हम बैठकर इस बारे में बात नहीं करते हैं। हम एक-दूसरे की संस्कृति की तारीफ करते हैं और उसे समझते हैं। वे अपने घर में कुछ परंपराओं का पालन करते हैं। मैं अपने घर में कुछ परंपराओं को फॉलो करती हूं। उन्होंने ने यह भी बताया कि वे एक-दुसरे के धर्म का सम्मान कैसे करते हैं? सोनाक्षी ने कहा, जहीर मेरे साथ दिवाली पूजा में आकर बैठता है। और मैं उनके नियाज में जाकर बैठती हूं। यही बात मायने रखती है! मैं उनका और उनकी संस्कृति का सम्मान करती हूं और वे मेरा और मेरी संस्कृति का सम्मान करते हैं। उनके पूरे परिवार और मुझे लगता है कि ऐसा ही होना चाहिए।

### इस फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी और जहीर फिल्म डबल एक्सएल में साथ काम कर चुके हैं। सोनाक्षी और जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर कपल गोल्स देते दिखते हैं। सोनाक्षी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है.

साभार एजेंसी

अफ्रीकी बल्लेबाज ने किया ऐलान

# यह मेरा आखिरी आइसीसी टूर्नामेंट है

**कराची।** कराची में इंग्लैंड के खिलाफ अपने अहम मुकाबले से पहले दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने कहा कि मौजूदा टूर्नामेंट संभवत: उनके क्रिकेट करियर का आखिरी बड़ा आइसीसी टूर्नामेंट होगा। शनिवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में प्रतियोगिता के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में प्रोटियाज का मुकाबला जोस बटलर की अगुआई वाली टीम से होगा। वैन डेर डुसेन ने कहा, यह निश्चित रूप से एक संभावना है कि यह मेरा आखिरी आइसीसी टूर्नामेंट हो। मैं यह किसी पूर्वधारणा के साथ नहीं कह रहा हूं कि मैं इसे खत्म कर दूंगा या प्रबंधन मेरे करियर को खत्म कर देगा। यह सिर्फ वास्तविकता है। इसके अलावा अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि उनके लिए अपने देश के लिए खेलना हमेशा उनका सबसे बड़ा और



एकमात्र लक्ष्य रहा है। वैन डेर डुसन ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा प्रोटियाज के लिए खेलना रहा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं, क्या आप इसके बाद लीग खेलेंगे? मुझे नहीं पता। मुझे नहीं पता कि प्रोटियाज के लिए नहीं खेलने की संभावना खत्म हो जाएगी या नहीं, मुझमें लीग में खेलने की भूख बनी रहेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है, इसलिए अगर यह लक्ष्य पूरा नहीं होता है, तो मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। अगर मुझे दूसरा अनुबंध दिया जाता है, तो मैं निश्चित रूप से इसे स्वीकार करूंगा और उस अवधि के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम के युवा बल्लेबाजों (ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी और मैथ्यू ब्रीट्ज़के) की प्रशंसा की जो वर्तमान में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनके साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो वाकई अच्छा खेल रहे हैं। ट्रिस्टन स्टब्स या टोनी डी जोरजी जैसे खिलाड़ी किनारे पर बैठे हैं। अगर आप घरेलू ढांचे में भी जाएं, तो मैथ्यू ब्रीट्जके आए और उन्होंने 150 रन बनाए। आप इससे भी पीछे जा सकते हैं; लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने वन-डे कप में वेस्टर्न प्रोविंस के खिलाफ शतक बनाया। रयान [रिकेल्टन] वास्तव में अभी शुरुआत कर रहे हैं, इसलिए बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं।

मजाक में बोले वसीम जाफर

## भारत को अबू धाबी और शारजाह में खेलना चाहिए था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने मजाक में कहा कि भारत को अबू धाबी और शारजाह में खेलना चाहिए था और शायद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में एक ही स्थान पर खेलने के आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए किसी दूसरे होटल में ठहरना चाहिए था। भारत एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अपने सभी मैच एक ही मैदान, दुबई



इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले हैं। पाकिस्तान के मुख्य कोच आकिब जावेद, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और कई अन्य लोगों का मानना ??है कि भारत के पास बहुत बड़ा फायदा था क्योंकि उन्हें पूरे टूर्नामेंट में बेस बदलने की जरूरत नहीं पड़ी। जाफर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण भारत के पास कोई विकल्प नहीं था।

जाफर ने कहा, आईसीसी को शारजाह में एक मैच और अबू धाबी में एक मैच आयोजित करना चाहिए था और शायद उन्हें दूसरे होटल में चेक इन करने की अनुमति देनी चाहिए थी। तब शायद यह मुद्दा नहीं उठता। भारत राजनीतिक कारणों और सरकार की भागीदारी के कारण पाकिस्तान नहीं जाना चाहता है - हर देश के पास यह विकल्प है।



प्राग मास्टर्स 2025

# प्रज्ञानंद ने फिर से बाजी ड्रॉ खेली अरविंद ने कीमर को हराया

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज् के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे जबकि अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की। अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। उनके बाद गिरि, लीम, दाई वान, डेविड, कीमर और प्रज्ञानानंद का नंबर आता है। एडिज और वेई यी अपने दो मैचों में आधे-आधे अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।



# डोपिंग प्रतिबंध के कारण सिनर का लॉरियस नामांकन रद्द

**पेरिस, एजेंसी।** लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी ने घोषणा की है कि वह 2025 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर का नामांकन वापस ले रही है।

यह निर्णय हाल ही में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा इतालवी खिलाड़ी पर लगाए गए तीन महीने के निलंबन के बाद लिया गया है। नामांकन पैनल को भेजे गए ईमेल में अकादमी ने बताया कि मामले से जुड़ी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, निलंबन ने सिनर के नामांकन को अयोग्य बना दिया। लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है। हमने इस मामले में संबंधित वैश्विक निकायों के निर्णयों का अनुसरण किया है और - यद्यपि हम इसमें सम्मिलित परिस्थितियों को देखते हैं - हमारा मानना है कि तीन महीने का प्रतिबंध नामांकन को अयोग्य बनाता है। जानिक और उनकी टीम को सूचित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में, वाडा ने खुलासा किया कि मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद सिनर ने एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया था।

चैम्पियंस ट्रॉफी : इंडिया-न्यूजीलैंड

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का रेस्ट फॉर्मूला

## रोहित करेंगे आराम, ऋषभ पंत को मिलेगा चांस!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है. भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की थी. फिर उसने पाकिस्तान को भी छह विकेट से हराया. लगातार दो जीत दर्ज करके भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है. भारतीय टीम अपना सेमीफाइनल 4 मार्च को दुबई में खेलेगी. हालांकि उसका मुकाबला किस टीम से होगा, ये 2 मार्च (रविवार) को ही तय हो पाएगा.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में रोहित रहेंगे बाहर?

2 मार्च को भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपना आखिरी ग्रुप मुकाबला खेलने जा रही है. सेमीफाइनल से पहले ये मुकाबला भारतीय टीम के लिए किसी प्रैक्टिस मैच से कम नहीं होगा. इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम में बदलाव भी देखने को मिल सकता है. अनुसार शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में कप्तानी कर सकते हैं. जबकि रोहित शर्मा रेस्ट लेने का फैसला कर सकते हैं. रोहित को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में




हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझते देखा गया था. ऐसे में रोहित सेमीफाइनल से पहले अपनी चोट को और बढ़ाना नहीं चाहेंगे. शुभमन गिल अस्वस्थ होने के चलते बुधवार को प्रैक्टिस के लिए नहीं उतरे थे. हालांकि गुरुवार को शुभमन नेट्स पर लौटे और नेट्स में काफी समय तक बल्लेबाजी की.

अगर रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर रहते हैं, तो ऋषभ पंत या वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है. ऋषभ को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी एक भी मैच खेलने का मौका नहीं था. फिर ऋषभ चैम्पियंस ट्रॉफी में दोनों मुकाबलों से बाहर रहे. ऋषभ ने बुधवार और गुरुवार को नेट पर काफी समय बल्लेबाजी की. दूसरी ओर सुंदर को भी अपनी बारी का इंतजार है. भारतीय टीम के पास बैकअप ओपनर नहीं है, ऐसे में रोहित शर्मा के बाहर होने पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में शुभमन गिल और केएल राहुल ओपनिंग करते दिख सकते हैं. केएल राहुल ने वनडे इंटरनेशनल में पिछले दो-तीन सालों में मध्य क्रम में ही बैटिंग की है, लेकिन रोहित के बाहर होने की स्थिति में बैटिंग ऑर्डर में बदलाव दिखेगा.

**भारतीय स्क्वॉड:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर.

क्रिकेट फैंस के लिए गुड न्यूड

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद जल्द 3 बार भिड़ेंगी भारत-पाकिस्तान की टीम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना हुआ. भारतीय टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन पाकिस्तान का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है. बहरहाल, क्रिकेट फैंस के जेहन में सवाल है कि अब भारत और पाकिस्तान की टीमें कब आमने-सामने होंगी? अगर आप भारत-पाकिस्तान मैच के फैन हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है. दरअसल, आपको एक बार फिर जल्द भारत-पाकिस्तान की भिड़त देखने को मिल सकती है.

### अब भारत और पाकिस्तान की भिड़त कब होगी?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप पर मुहर लगा दी है. इस टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है. वहीं, एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका को मिल सकती है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एशिया की मेजबानी श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को मिल सकती है. साथ ही टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. ऐसा माना जा रहा है कि एशिया कप में भारत-पाकिस्तान समेत अन्य 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा. भारत और पाकिस्तान सेम ग्रुप में होंगे. अगर ऐसा हुआ तो भारत और पाकिस्तान की टीमें टूर्नामेंट में 3 बार आमने-सामने हो सकती हैं.

# रेस्ट-डे पर अकेले प्रैक्टिस करने पहुंचे गिल

- अस्वस्थ होने के कारण एक दिन पहले नहीं किया था अभ्यास, 2 मार्च को भारत-न्यूजीलैंड मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल गुरुवार को अकेले द्रुष्ट अकादमी में प्रैक्टिस के लिए पहुंचे। टीम इंडिया का गुरुवार को रेस्ट-डे था, इसलिए वे अकेले प्रैक्टिस किए। इससे पहले, बुधवार को गिल टीम के साथ प्रैक्टिस सेशन में शामिल नहीं हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वे अस्वस्थ थे। हालांकि, गुरुवार दोपहर को गिल ने दो घंटे से ज्यादा समय तक अभ्यास किया। उनके साथ टीम के दो थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट रघु और नुवान के साथ असिस्टेंट कोच अभिषेन नायर भी मौजूद थे। मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का अगला मैच रविवार (2 मार्च) को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।



गुरुवार को भारतीय टीम के लिए रेस्ट-डे था। पूरी टीम बुधवार रात को लगभग तीन घंटे प्रैक्टिस की थी। इस दिन गिल मैदान पर नहीं पहुंचे थे। इसके अलावा हैमस्ट्रिंग में चोट से जूझ रहे रोहित शर्मा ने बैटिंग सेशन में हिस्सा नहीं लिया था। रोहित बुधवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान ग्राउंड में आए लेकिन प्रैक्टिस में हिस्सा नहीं लिया।

# बाबर आजम का बाप है विराट कोहली...

लाहौर में पत्रकार के सवाल पर बच्चे का जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तकरीबन 29 साल बाद पाकिस्तान को किसी आईसीसी टूर्नामेंट्स की मेजबानी मिली. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है. लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने के महद 5 दिनों बाद पाकिस्तान का सफर समाप्त हो गया. मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. जबकि बांग्लादेश और पाकिस्तान का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया. बहरहाल, चैंपियंस ट्रॉफी में घटिया प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान टीम की लगातार फजीहत हो रही है. वहीं, बाबर आजम सबसे ज्यादा आलोचकों के निशाने पर हैं.

# पृथ्वी शॉ पर आरोप लगाने वाली इंफ्लूएंसर को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने कहा - आपके खिलाफ सबूत हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और इंफ्लुएंसर सपना गिल के मामले में नया मोड़ आया है। बॉम्बे कोर्ट ने सपना गिल को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने गिल की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पृथ्वी शॉ द्वारा लगाए गए केस को रद्द करने की अपील की थी। गिल के खिलाफ मामले में कोर्ट चार्जशीट को रिव्यू करेगा।

**हाई कोर्ट ने केस रद्द करने से किया इनकार-** कोर्ट ने कहा, 'न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और एस.एम. मोदक ने पाया कि एफआईआर में स्पष्ट रूप से कुछ अपराध का संकेत मिलता है और आपके





खिलाफ कुछ सामग्री है। न्यायमूर्ति कोतवाल ने गिल के वकील को निचली अदालत में आरोपमुक्ति याचिका दायर करने पर विचार करने की सलाह दी। अदालत ने कहा, हम इसे रद्द नहीं करेंगे।

**दो साल पुराना है मामला-** सपना गिल और पृथ्वी शॉ का मामला दो साल पुराना है। साल 2023 फरवरी में में सपना गिल की मुंबई के एक होटल में पृथ्वी शॉ के साथ सेल्फी लेने को लेकर बहस हुई। इसके बाद पृथ्वी की गाड़ी पर हमला किया गया। हमले के सिलसिले में कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वे फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। मामले में जमानत मिलने के बाद गिल ने पृथ्वी शॉ और उनके दोस्त आशीष यादव और अन्य के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत लेकर अंधेरी के हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया था।

**पृथ्वी शॉ के दोस्त ने सपना के खिलाफ दायर किया था केस-** इसके अलावा पृथ्वी शॉ के दोस्त आशीष सुरेंद्र यादव ने गिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

